**आकाशवाणी**
**क्षेत्रीय समाचार**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**
**रविवार 29.12.2024**
**समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान की सराहना करते हुए कहा– यह राष्ट्र का मार्गदर्शक है, जो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।
- मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने लोगों से अगले महीने महाकुंभ में भाग लेते हुए एकता की भावना अपनाने और समाज में विभाजन तथा नफरत को खत्म करने का आग्रह किया।
- निकाय चुनाव के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी ने मेयर पद के लिए छह उम्मीदवारों की घोषणा की।
- प्रदेश में नए साल की तैयारियां चरम पर, बर्फबारी के बाद राज्य के औली, चोपता और अन्य पर्यटन स्थल सैलानियों से हुए गुलजार।

**मन की बात–01**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए www.constitution75.com के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। उन्होंने मन की बात के श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया।

श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्ष 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है और इसके लिए संगम तट पर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं है बल्कि इसकी विविधता में भी है। उन्होंने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ भी है। श्री मोदी ने लोगों से महाकुंभ में भाग लेकर एकता के संकल्प को मजबूत करने का अनुरोध किया। उन्होंने लोगों से समाज में विभाजन और विद्वेष की भावना को समाप्त करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया।

**मन की बात–01**

मन की बात कार्यक्रम को आज प्रदेशभर में सुना गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट ने देहरादून में 'मन की बात' कार्यक्रम का 117वां संस्करण सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि आज भारत 'आर्ट' से 'आयुर्वेद' तक और 'लैंग्वेज' से लेकर 'म्यूजिक' तक वैश्विक स्तर पर छा रहा है।

मन की बात में प्रधानमंत्री के बस्तर खेलों को जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी से खेलेगा भारत जीतेगा भारत का उपयोग करने की अपील की।

**<u>निकाय चुनाव</u>**

उत्तराखंड में आगामी निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मेयर पद के लिए छह उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आज घोषित उम्मीदवारों की सूची में हरिद्वार से किरन जैसल, श्रीनगर से आशा उपाध्याय, कोटद्वार से शैलेन्द्र रावत, पिथौरागढ़ से कल्पना देवलाल, अल्मोड़ा से अजय वर्मा व रुद्रपुर से विकास शर्मा शामिल है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि अन्य नगर पालिका, नगर पंचायत और निगमों के उम्मीदवारों की सूची जल्द जारी की जाएगी। पार्टी ने नगर निकाय चुनावों के लिए सभासदों की सूची पहले ही जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उम्मीदवारों का चयन पूरी पारदर्शिता और जीत की संभावनाओं को ध्यान में रखकर किया गया है।

कांग्रेस, भाजपा और अन्य पार्टियों की सूची के जारी होने के बाद राज्य में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है।

**<u>सोमवती स्नान</u>**

आगामी सोमवती अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। हरिद्वार में आज पुलिस विभाग की बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमोद सिंह डोभाल ने पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को मेले को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को 14 जोन और 39 सेक्टरों में बांटा गया है। श्री डोभाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक प्लान के तहत रूट डायवर्जन का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नए साल के अवसर पर होटलों और सभी रेस्टोरेंट की चेकिंग की जाएगी और किसी भी तरह की हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**नव वर्ष**

प्रदेश में नए साल की तैयारियां चरम पर हैं। पर्वतीय राज्य होने के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक नव वर्ष का उत्सव मनाने के लिए उत्तराखंड पहुंचते हैं। नए साल के जश्न से पहले राज्य के पर्वतीय अंचल में हुई बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

नव वर्ष से पहले उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई भारी बर्फबारी का आनंद लेने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे सैलानियों से राज्य के पर्यटन स्थल गुलजार होने लगे हैं। साथ ही नए साल के जश्न को देखते हुए नैनीताल, मसूरी, धनोल्टी, चकराता, चोपता, कौसानी व औली समेत अन्य पर्यटक स्थलों पर होटलों और होमस्टे में बुकिंग हो चुकी है। इससे स्थानीय कारोबारी उत्साहित हैं। नए साल पर पर्यटन कारोबारियों की उम्मीदों को देखते हुए राज्य सरकार ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए पुलिस ने अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की है। इसके अलावा नए साल पर पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे पूरे समय खुले रहेंगे। उत्तराखंड श्रम विभाग के उप सचिव शिव विभूति रंजन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश में रेस्टोरेंट, होटल और ढाबों को 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन खुले रहने की अनुमति दी गई है। उन्होंने होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा स्वामियों से अपील की है कि वे पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपने प्रतिष्ठान पूरे समय खुले रखें।

**राष्ट्रीय खेल**

प्रदेश में 28 जनवरी से शुरू हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी में प्रदेश के खिलाड़ी अभ्यास में जुटे हैं। इसी क्रम में राज्य के सबसे ऊंचे हाई एल्टीट्यूड सेंटर राइफलमैन जसवंत सिंह स्टेडियम रांसी पौड़ी में तीन राष्ट्रीय खिलाड़ियों समेत 60 खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों के लिए अभ्यास कर रहे हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान ने बताया कि 15 दिवसीय शिविर में खिलाड़ी दस प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं।

राष्ट्रीय खेलों की तैयारी में जुटे नैनीताल निवासी और हैमर थ्रो खिलाड़ी वैभव जाखड़ का कहना है कि कम ऑक्सीजन लेवल में अभ्यास करने का लाभ उन्हें आगामी खेलों में मिलेगा।

**अब संक्षिप्त समाचार ——**

आज हरिद्वार जिले के मायापुर क्षेत्र स्थित आश्रम में एक गुलदार घुस गया। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर गुलदार को पकड़ा।

हरिद्वार जिले के धनपुरा गांव में अवैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्टोर संचालक को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एएनटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर प्रतिबंधित नशीले पदार्थ बरामद किए।